
7

इकाई - 2

# परिश्रम



कविता

# यह धरती है उस किसान की

केदारनाथ अग्रवाल

तारीख:

**अधिगम उद्देश्य :**

- कविता का आशय समझकर आलाप करने की क्षमता बढ़ाना ।
- कविता का आशय समझकर विश्लेषण करने की अवधारणा बढ़ाना ।
- खेती से संबंधित शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- कविता की आस्वादन टिप्पणी तैयार करने की क्षमता बढाना ।
- विषयानुकूल संदेश वाक्य लिखने की क्षमता बढ़ाना ।
- लेख लिखने की अवधारणा आर्जित कराना ।

**आशय / अवधारणा :**

- कविता किसी विशेष आशय की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है।

- किसान कठिन परिश्रम करते हुए प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल करके अन्न उगाता है
- सफलता के लिए परिश्रम की आवश्यकता होती है।

**मूल्य और मनोभाव :**

- हर श्रम का अपना ही महत्व होता है।
- किसी भी काम में सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम और दृढ निश्चय आवश्यक है।

**कालांश :** 14

**सामग्री :** पाठ्यपुस्तक, फ्लाश कार्ड, ICT, मार्कर, कविता का ओडियो , चित्र एलबम

## गतिविधि 1 : प्रवेश प्रक्रिया

### अनौपचारिक संवाद

अध्यापिका छात्रों को दल में बिढ़ाती है।
हरेक दल को नीतू द्वारा लिखी डायरी **सहायक सामग्री - 1** पढने के लिए देती है।
दल में चर्चा करने का अवसर देती है।
पूछती है,
यह डायरी किसके बारे में है?
कृषि से संबंधित ओर क्या - क्या बातें आपको पता है?
चर्चा ज़ारी रखते है। हरेक दल अपनी जानकारियाँ प्रस्तुत करते है।
अध्यापिका कृषि से संबंधित चित्र संकलन करके कागज़ पर चिपकाकर लेने के लिए निर्देश देती है।

## गतिविधि 2 : कविता

**अनौपचारिक संवाद**

छात्रों ने दिए गए चित्र एकत्रित करके एलबम बनाते है।
पृष्ठ संख्या 25 लेने का निर्देश देती है।
**यह धरती है . . . . . . . जोत डालता है मिट्टी को ( 8 पंक्तियाँ )**
तक आलाप करती है।
छात्रों को साथ में आलाप करने का अवसर देती है।
कविता का ओडियो सुनाती है।
छात्र साथ में आलाप करते हैं।
वैयक्तिक वाचन करने का अवसर देती है।
फ्लाश कार्ड की सहायता से नये शब्द का परिचय देते है।

**बैल - കാള**

**घाम - വെയിൽ**

**जुआ — നുകം**

**पैनी - മൂർച്ചയുള്ള**

**कुसी - കലപ്പയുടെ മൂർച്ചയുള്ള കൊഴു**

दल में विचार - विनिमय का अवसर देती है।
आशय ग्रहण के लिए अध्यापिका प्रश्न पूछती है।
यह धरती किसकी है?
बैलों की सहायता से किसान क्या करता है?
'बरसात घाम ' का अर्थ क्या है?
गर्मियों के दिनों में कैसी हवा चलती है?
खून चाटती वायू से क्या मतलब है?
किसान किसको जोत डालता है?
छात्रों की प्रतिक्रिया
अध्यापिका संक्षिसीकरण करती है।

**गनियों के दिनों में जब किसान अपने खेत में हल चलाते है तब गर्मी में लू चलती है। वह उसकी पीड़ा को ओर भी बढा देती है। खून चाटने का अर्थ बहुत अधिक परेशान करना है। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए ही किसान खेत में हल चलाता है। किसान धरती में गहराई तक हल चलाकर जोतता है जिससे कि बीज बोने के बाद अच्छी फसल मिलें**

## गतिविधि 3 : कविता

अध्यापिका पिछली कक्षा का ज्ञान परखते है।

पृष्ठ संख्या 25 लेने का निर्देश देती है।

**पांस डालकर ....... धरती है केवल किसान की (8 पंक्तियाँ )** तक का आलाप करती है।

कवितांश का ओडियो सुनाती है । साथ में आलाप करने का अवसर देती है।

फ्लाश कार्ड की सहायता से नये शब्दों का अर्थ ढूँढने का अवसर देती है।

**बीज — വിത്ത്**

**अन्न — ധാന്യം**

**राव — രാജാവ്**

**रंक — പാവപ്പെട്ടവൻ**

**पांस - വളം**

**ढेर - കുമ്പാരം**

आशय समझने के लिए प्रश्न पूछती है।

बीज बोने से क्या उगते है?

पांस डालकर किसान क्या बोता है?

अन्न उगने वाली धरती किसकी है?

'यह धरती केवल किसान की है ' ऐसा क्यों कहा गया है?

छात्रों की प्रतिक्रिया

दल में विचार विनिमय करने का अवसर देती है।

अध्यापिका संक्षिप्त रुप से आशय समझाती है।

**कवि कहता है कि किसान कठिन परिश्रम करके मिट्टी को जोतता है। किसान को पता है कि अगर वर्षा और मौसम अनुकूल न रहे तो अपना यह परिश्रम व्यर्थ हो जाएगा । फिर भी वह खेती करता है। इस प्रकार प्रतिकूल मौसम और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वह मिट्टी में बीज बोता है और नये वर्ष में अन्न का ढेर लगाता है।**

## गतिविधि 4 : कविता

पृष्ठ संख्या 26 लेने का निर्देश देती है।

**यह धरती है ...... उस किसान की ( 14 पंक्तियाँ )** तक वाचन करती है।

ओडियो सुनाती है।

साथ में आलाप करने का अवसर देती है।

फ्लाश कार्ड की सहायता से नये शब्द ढूँढती है।

पारखी — പരീക്ഷകൻ

संग - ഒപ്പം

गलकर — ഉരുകിയിട്ട്

अंतस्तल - ഉൾഭാഗം

आशय समझने के लिए प्रश्न पूछती है।
मिट्टी का पूर्ण पारखी कौन है?
किसान मिट्टी में क्या अगने का सपना देख रहा है?
किसान किसकी महिमा गाता है?
किसान को मिट्टी का पूर्ण पारखी क्यों कहा गया है?
'तन की खाद मिलाना ' का मतलब क्या है?
मिट्टी के अंतस्तल में किसान क्या मिलाता है।
छात्रों की प्रतिक्रिया
अध्यापिका संक्षिप्त रूप से आशय प्रस्तुत करती है।

**किसान मिट्टी को परखनेवाला है।वह मिट्टी का साथी है। उसका जीवन मिट्टी के साथ ही गुज़रता है।वह जानता है कि मिट्टी में फसल कैसी उपजायी जाए। किसान अपने तन और मन की खाद अर्थात परिश्रम करके धरती को उपजाऊ बनाता है। खाद और कठिन परिश्रम द्वारा ही वह अन्न उपजाता है।**

## गतिविधि 5 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 27 लेने का निर्देश देती है।
कहती है, इस कविता में खेती से संबंधित अनेक शब्द हमने परिचय पाया है।
वही शब्द क्या - क्या है?
वर्कशीट 1 लिखने के लिए पर्याप्त समय देती है।

## गतिविधि 6 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 27 का दूसरी प्रक्रिया चलाती है।
कहती है,
किसान अपनी जिंदगी कैसे व्यतीत करता है?
छात्रों की प्रतिक्रिया
वर्कशीट 2 चलाती है।

वैयक्तिक रूप से लिखने का अवसर देती है।
दल में परिमार्जन करने का निर्देश देती है।

## गतिविधि 7 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 28 का पहली प्रक्रिया वाचन करने का निर्देश देती है।
वर्कशीट 3 चलाती है।
वैयक्तिक रूप से लिखने का अवसर देती है।
अध्यापिका संशोधन कार्य चलाती है।

## गतिविधि 8 : अभ्यास कार्य

अध्यापिका ये वाक्य बोर्ड पर लिखती है।
मैं मैदान में जाकर खेलता हूँ।
बादल गरजकर आता है।
समुद्र में डूबकर भी मोती निकालती है।
अध्यापिका पूछती है ,
रेखांकित शब्दों में क्या समानता है ?
छात्रों की प्रतिक्रिया
अध्यापिका कहती है,
शब्दों के पीछे 'कर ' लगने से उसके अर्थ में बीते कार्य की सूचना होती है।
अध्यापिका वर्कशीट 4 चलाती है।
वैयक्तिक रूप से लिखने को कहती है।
संशोधन कार्य चलाती है।

## गतिविधि 9 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 28 का आस्वादन टिप्पणी लिखने के लिए चर्चा चलाती है।
पूछती है ,
कविता का नाम क्या है?
ये धरती हैउस किसान की कविता का रचयिता कौन है?
इस कविता का आशय क्या है?
कविता में प्रयुक्त विशेष शैलियाँ क्या है?

इस कविता के बारे में आपका विचार क्या है?

छात्रों की प्रतिक्रिया

अध्यापिका वर्कशीट 5 चलाती है।

सूचकों के आधार पर मूल्यांकन करती है।

सूचनाएँ

कवि का परिचय है ।
कविता का परिचय है।
कविता का आशय है ।
कविता की विशेषताओं का उल्लेख है।
अपना मत लिखा है।

## गतिविधि 10 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 29 का प्लकार्ड दिखाती है?

पूछती है?

प्लकार्ड में किसके बारे में संदेश वाक्य लिखा है?

छात्रों की प्रतिक्रिया

अध्यापिका वर्कशीट 6 चलाती है।

मूल्यांकन करती है।

## गतिविधि 11 : अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या 30 लेने का निर्देश देती है।

सफलता के लिए परिश्रम की आवश्यकता है। इस विषय पर चर्चा चलाती है।

चर्चा करने के बाद दिए गए बिंदुओं के आधार पर लेख लिखने को कहती है।

वर्कशीट 7 चलाती है।

वैयक्तिक रूप से लिखने का निर्देश देती है।

अध्यापिका सूचियों के आधार पर मूल्यांकन करती है।

सूचनाएँ

लेख के लिए उचित शीर्षक होना है।
संकेतों को विकसित करना है।
भूमिका और उपसंहार होना है।
आशय स्पष्ट होना है।
उचित भाषा का प्रयोग करना है।

## गतिविधि 12 : अतिरिक्त गतिविधि

अध्यापिका छात्रों से एक किसान के साथ साक्षात्कार कैसे करना है, इस विषय पर चर्चा चलाती है। चर्चा के अंत में वर्कशीट 8 देती है।

अध्यापिका मूल्यांकन करती है।

**अनुबद्ध कार्य: कृषि के बारे में पत्रिका तैयार करें ।**